आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
04.09.2026 शुक्रवार
समय 1305

**पहले मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समाज कल्याण विभाग की अगस्त किस्त के तहत 9 लाख 91 हजार से अधिक लाभार्थियों को 147 करोड़ से ज्यादा की धनराशि वन क्लिक से जारी की।
- भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव पर्व जन्माष्टमी आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है।
- गोवंशीय पशुओं में लम्पी बीमारी की रोकथाम और पशुपालकों को जागरूक करने के लिए पौड़ी गढ़वाल में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।
- **और,** राज्य की विभिन्न हिस्सों में अगले 36 घंटों में मध्यम से तेज बारिश की संभावना।

**स्वीकृति**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समाज कल्याण विभाग की विभिन्न सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के बैंक खातों में अगस्त माह की पेंशन किस्त का वन–क्लिक के माध्यम से भुगतान किया। 9 लाख 91 हजार 914 लाभार्थियों के खातों में 147 करोड़ 05 लाख रुपये की पेंशन धनराशि भेजी गई। अगस्त माह में विभिन्न पेंशन योजनाओं के अंतर्गत 5,605 नए लाभार्थियों की पेंशन भी स्वीकृत की गई।
मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सामाजिक सुरक्षा, पेंशन योजनाओं के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को नियमित रूप से पेंशन का भुगतान कर रही है। उन्होंने कहा कि पेंशन व्यवस्था को सरल, पारदर्शी बनाया जाए और पात्र व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।
इस दौरान श्री धामी ने बताया गया कि अगस्त 2026 में वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, किसान, परित्यक्ता, भरण–पोषण अनुदान, तीलू रौतेली औरं बौना पेंशन योजनाओं के कुल 9 लाख 91 हजार 914 लाभार्थियों के लिए 147 करोड़ 05 लाख 51 हजार रुपये की धनराशि निर्धारित की गई है।

**जन्माष्टमी**

भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी आज देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है।
प्रदेश में भी आज जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी हैं।
राज्यपाल ने आमजन से अपील की है कि सभी लोग जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाएं और भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों तथा शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें।

उधर, बागेश्वर में राधा–कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर सुबह से ही भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन और पूजा–अर्चना के लिए बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंच रहें हैं। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

राज्य के अन्य मंदिरों में जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिल रहा है।

## कूड़े का निस्तारण

रुड़की नगर निगम अब वर्ष 2019 में तैयार की गई ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना पर टेंडर प्रक्रिया से कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण की दिशा में जल्द कार्य करने की योजना बना रहा है। परियोजना के तहत आधुनिक मशीनें और आवश्यक संयंत्र लगाए जाएंगे। इस परियोजना से निकायों में जगह–जगह जमा होने वाले कूड़े की समस्या कम होगी।

मुख्य नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल ने बताया कि कूड़ा निस्तारण होने से सड़क किनारे और खुले स्थानों पर कूड़ा डालने की समस्या भी कम होगी।

## गठन

सरकार ने विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक 2026 पर संसद की 31 सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन किया है। इस संशोधन का मुख्य उद्देश्य किसी गैर–सरकारी संगठन या संस्थान द्वारा विदेशी योगदान के उपयोग को अधिक पारदर्शी बनाना और संस्थाओं के पदाधिकारियों की जवाबदेही तय करना है। लोकसभा सांसद संजय जायसवाल संशोधन विधेयक की जांच के लिए गठित इस संयुक्त पैनल का नेतृत्व करेंगे। संसद के दोनों सदनों ने 12 अगस्त को विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक 2026 को आगे की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने की मंजूरी दी थी। इस विधेयक का उद्देश्य विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 में और संशोधन करना है।

## जागरूकता अभियान

पौड़ी गढ़वाल में गोवंशीय पशुओं में लम्पी बीमारी की रोकथाम और पशुपालकों को जागरूक करने के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत राजकीय पशुचिकित्सालय श्रीनगर के उफल्डा गांव में जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पशुपालकों को बीमारी के लक्षण, बचाव और रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई।

शिविर में कुल 25 पशुपालकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान 20 पशुओं के लिए आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ विशाल शर्मा ने पशुपालकों से गौशालाओं और पशु आवासों को साफ–सुथरा रखने, रोगी पशु के लिए चारा–पानी की अलग व्यवस्था करने और मक्खी–मच्छर जैसे अन्य कीटों की रोकथाम के लिए आवश्यक उपाय अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पशुपालक

अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी पशुचिकित्सालय अथवा विभागीय टोल फ्री नंबर 1962 पर संपर्क कर सकते हैं।

**कीवी**

चमोली में कीवी मिशन के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में वर्तमान समय में 218 किसान कीवी उत्पादन से जुड़े हैं। किसानों की ओर से करीब 500 टन कीवी का उत्पादन किया जा रहा है।

जिला उद्यान अधिकारी नितेंद्र सिंह ने बताया कि किसानों के सामने कीवी के सुरक्षित विपणन को लेकर आ रही समस्या के समाधान के लिए सरकार की ओर से पैकेजिंग बॉक्स उपलब्ध कराए गए हैं।

**मौसम**

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज सुबह से रूक–रूककर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। राज्य के कुछ हिस्सों में मूसलाधार वर्षा के भी समाचार हैं। बारिश और भूस्खलन के चलते प्रदेश के 50 से अधिक ग्रामीण संपर्क मार्ग यातायात के लिए अवरूद्ध हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस बीच मौसम विभाग ने अगले 36 घंटों में राज्य में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इस अवधि में नैनीताल, चम्पावत, देहरादून, हरिद्वार, रुद्रप्रयाग, चमोली और बागेश्वर जिलों के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश हो सकती है।

**वाइब्रेंट विलेज**

केंद्र सरकार की वाइब्रेंट विलेज योजना चमोली जिले में विकास का आधार बन रही है। जिले मे अब स्थानीय उत्पादों और बागवानी को बढावा देने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए 14 गांवों को वाइब्रेंट विलेज की सूची में शामिल किया गया है। इन गांवों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि सेब मिशन कार्यक्रम के तहत 22 हेक्टेयर भूमि में 30 हजार सेब के पौधे लगाए जाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। इससे आर्थिकी मजबूत होने के साथ–साथ क्षेत्र से पलायन पर प्रभावी रोकथाम की उम्मीद है।